तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 20 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 आसमान में छाए बादल कई जगहों पर बूंदाबांदी



## खबर संक्षेप

### ईद उल अजहा 21 को, आज पढ़ी जाएगी अलविदा जुमा की नमाज

**अम्बिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान अब समापन की ओर है। मुस्लिम समाज द्वारा 21 मार्च को ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दौरान ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह के साथ ही 20 मार्च को अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी जाएगी। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि मुस्लिम समाज का प्रमुख त्यौहार ईद उल अजहा चांद दिखने पर 21 मार्च को मनाया जाएगा। इस दौरान ईदगाह में ईद की सुबह 9 बजे अता की जाएगी। ईद उल अजहा और अलविदा जुमा की नमाज को कमेटी द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जाएगी।

### विधायक रामकुमार ने विस में उठाए विभिन्न सवाल

**मैनपाट।** क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो ने बजट सत्र के प्रश्नकाल में क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में महत्वपूर्ण प्रश्नों को उठाया।



प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की कक्षा व्यवस्था एवं स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में प्रश्न पूछा। इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री से व्यावसायिक प्रशिक्षकों की वर्तमान स्थिति कार्यरत प्रशिक्षकों की संख्या, रिक्त पदों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया प्लेसमेंट कंपनियों की संख्या, उनकी अनुबंध अवधि, लंबित वेतन आदि से संबंधित सवाल पूछा। विधायक श्री टोप्पों ने नल-जल योजना अंतर्गत दिए गए कनेक्शनों की संख्या, योजना की वर्तमान स्थिति, अधूरी योजनाओं का कारण, पूर्ण करने की समय सीमा व व्यय राशि के संबंध में सवाल पूछा।

### जनपद पंचायत राजपुर की सामान्य सभा 20 को

**राजपुर।** जनपद पंचायत राजपुर में सामान्य सभा की बैठक 20 मार्च को दोपहर 2 बजे कार्यालयीन सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे द्वारा आदेश जारी की गई है। बैठक में अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित जनपद पंचायत के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विभागवार समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा सभी विभागीय कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर अपने विभाग की संपूर्ण जानकारी देंगे।

### गर्मी में पेयजल संकट से निपटने नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं त्वरित हैण्डपम्प के संधारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि आमजन टोल फ्री नम्बर 1916 पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध पेयजल पंजी में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड अम्बिकापुर हेतु सहायक अभियंता मुकेश कुमार गुप्ता नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी में विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु उप अभियंता सुश्री सीमा केहरी, विकासखण्ड लखनपुर हेतु उप अभियंता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विकासखण्ड उदयपुर हेतु उप अभियंता श्रीकांत खिलाड़ी एवं विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु उप अभियंता सुश्री सुभद्रा सिंह होंगी। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड सीतापुर अंतर्गत नोडल अधिकारी सहायक अभियंता अभिषेक कुमार गुप्ता होंगे।




## पूरी नवरात्रि में होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

# मंदिर में प्रज्जवलित हुए अखण्ड दीप, देवी की पूजा-अर्चना करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोगों ने आज मंदिरों में पूजा अर्चना कर दिन की शुरुआत की व मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर अपने व परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिरों में आज चैत्र नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**खास बात**

- सुबह से ही देवी मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की लम्बी-लम्बी कतरें

हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शहर के महामाया मंदिर, दुर्गा शक्ति पीठ, साड़बार बेरियर स्थित वन देवी मंदिर, रामेश्वर मंदिर सहित अन्य शक्ति पीठों व मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। श्रद्धालु गुरूवार की तड़के से ही पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालु मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। यह अखण्ड ज्योति पूरे नौ दिनों तक अनवरत जलती रहेगी। सुबह आरती उपरांत देवी मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। श्रद्धालु कतार लगाकर पूरे दिन देवी की आराधना करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं यातायात को नियंत्रित करने यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। पूजा उपरांत शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। श्रद्धालुओं ने देवी पूजा उपरांत अखण्ड ज्योति के भी दर्शन किए। इसी तरह शहर के समलाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, सांडबार वनदेवी मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा बाड़ी में कलश स्थापित कर अखण्ड दीप प्रज्जवलित किए गए। मंदिरों में दर्शन व पूजन का यह सिलसिला रात तक चलता रहा।



महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना करने उमडी श्रद्धालुओं की भीड़।



प्रज्जवलित अखण्ड मनोकामना दीप।

### श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

बुधवार को तेज धूप निकलने एवं गर्मी पड़ने के बावजूद देवी मंदिरों में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हालांकि दोपहर बाद आसमान में बादल छाने से श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिली। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते हुए पूरे नवरात्र भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महामाया मंदिर में सुबह से लेकर रात्रि 9 बजे तक मंदिर में पूजा की व्यवस्था की गई है। गर्मी से राहत के लिए पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की गई है।

### घरों में स्थापित हुए कलश

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कलश स्थापित देवी की आराधना शुरू की। प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपवास रखा वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरी नवरात्रि उपवास रखकर देवी की आराधना कर रहे है। गुरुवार को घरों में कलश स्थापित दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया गया। श्रद्धालु नवमी के दिन हवन उपरांत अपना उपवास समाप्त करेंगे।

### रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक, 27 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा

**रामानुजगंज।** हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी महापर्व के भव्य आयोजन को लेकर प्राचीन राम मंदिर में कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष एवं आयोजन समिति संयोजक रमन अग्रवाल ने की। बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती एवं गायत्री मंत्र के साथ हुआ। इस दौरान गत वर्ष के आयोजन की समीक्षा करते हुए इस वर्ष महोत्सव को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सुझाव लिए गए। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया। निर्णय लिया गया कि हिंदू नववर्ष के स्वागत में शहर के सभी वार्डों में घर-घर हनुमत ध्वज लगाए जाएंगे। बैठक स्थल पर ही ध्वजों का वितरण किया गया। 27 मार्च को दोपहर 3.30 बजे मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से भगवान श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमान आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगी। शोभायात्रा में झांकी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। प्रथम पुरस्कार 41 हजार, द्वितीय 31 हजार, तृतीय 21 हजार तथा सभी प्रतिभागियों को 11 हजार व मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। झांकी दलों के लिए 500 पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है। धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 23 मार्च को राम मंदिर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण, 25 मार्च को मां दुर्गा मंदिर, सीआरपीएफ कैंप कन्या पूजन व भंडारा, 26 मार्च अष्टमी को वैष्णो देवी धाम पहाड़ी मंदिर में मुख्य कार्यक्रम 27 मार्च सुबह 10 बजे: शस्त्र व ध्वज पूजन, 11 बजे कीर्तन, 12. 30 बजे राम जन्मोत्सव व भंडारा, 3.30 बजे भव्य शोभायात्रा, शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत करने वाले नागरिकों को मंच से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सागर मोती फाउंडेशन के प्रमुख रमन अग्रवाल, गायत्री परिवार के टीआर शर्मा, सुभाष केसरी, पार्षद अशोक जायसवाल, मुकेश जायसवाल, विपिन पाठक, नरेश ठाकुर, किशोरी ठाकुर, लालमन सोनी, प्रमोद कश्यप, राम मंदिर के पुजारी यशपाल दुबे, दीपक दुबे, अशोक केसरी, अजय केसरी, नवल अग्रवाल, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, अजीत गुप्ता पिंटू, अनूप कश्यप, सुमित गुप्ता, सुरेश पुरी, विजय रावत, अर्जुन दास, पवन गुप्ता, जुगल केसरी, अंकित गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, संजय बर्मन, विनीत गुप्ता, महेश अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, बालकेश प्रजापति, ओम गुप्ता, पृथ्वीनाथ गुप्ता, चंदन गुप्ता, मुकेश केशरी, बसंत गुप्ता, अनूप कश्यप, बहादुर सिंह, आशीष गुप्ता, विनोद केसरी, जस्सू, सारांश केसरी, संजय कश्यप, विनय पांडे, हरिओम गुप्ता, छोटू गुप्ता, लोकेश पांडे, राजू केसरी, निशांत गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, अर्पित तिवारी, संतोष केसरी, आकाश तिवारी, अमित गुप्ता, कृष्णा पासवान, दीपक ठाकुर, पियूष गुप्ता, शुभम गुप्ता, सुनील प्रजापति, पंकज गुप्ता, विनोद राहगीर, राम ध्यान गुप्ता, विपुल गुप्ता सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



## चैत्र नवरात्रि का शुभारम्भ, क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय





**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में आस्था, श्रद्धा और शक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्रि पूरे धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के साथ शुरू हो गया है। गुरुवार की भोर से ही देवी धामों में जय माता दी के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा,गौरतलब है कि हिंदू पंचांग के अनुसार 19 मार्च से प्रारंभ हुआ यह नौ दिवसीय महापर्व 27 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा स्वयं पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के बीच विराजमान होती हैं और उनकी सच्चे मन से की गई प्रार्थनाओं को स्वीकार कर उन्हें सुख, समृद्धि और शक्ति का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। चैत्र

- हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत पर लोगों ने दी शुभकामनाएं

नवरात्रि के प्रथम दिन प्रतिपदा तिथि पर श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ घटस्थापना कर मां दुर्गा का आह्वान किया। घरों और मंदिरों में पवित्र मिट्टी में जौ बोकर कलश स्थापित कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई, जो पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रहेगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार सही विधि और मुहूर्त में की गई घटस्थापना से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। नवरात्रि के हर दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु व्रत रखकर, भजन-कीर्तन कर और आरती के माध्यम से मां को प्रसन्न करने में जुटे हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले ही दिन क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लंबी कतारों में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए इंतजार करते नजर आए। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। पूरे क्षेत्र में नवरात्रि के दौरान भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और रात्रिकालीन जागरण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नवरात्रि के अंतिम दिनों अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है। इन दिनों कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं को देवी का स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद लिया जाता है, जिसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है।नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के आगमन के साथ ही बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली। पूजा सामग्री, नारियल, फल-फूल, चुनरी, अगरबत्ती और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिन्दू नववर्ष की शुरुआत होने से यह पर्व और भी खास बन गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के आस्था की केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर केनापारा में भक्तों द्वारा तेल के 570 एवं घी के 250 मनोकामना ज्योति कलश एवं स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में 311 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए गए हैं।

## ग्राम तेलईकछार स्थित शिक्षिका के घर चोरी के मामले में तीन आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलईकछार में शिक्षिका के सूने घर में हुई लाख रुपये से अधिक के जेवरात

- ग्राम सोहागपुर के किसान घर हुई चोरी का भी हुआ खुलासा
- आरोपी गोल्ड लोन के जरिये बैंक से नगद राशि लेकर करते थे ऐश, पुलिस से बचने खोजा नया तरीका

चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है,आरोपियों से पूछताछ में करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर में करीब डेढ़ माह पूर्व हुई एक और चोरी की वारदात का भी पर्दाफाश हुआ है,पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण व नगदी राशि बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया शिक्षिका निकिता गुप्ता 26 वर्ष निवासी केनापारा,ने 9 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी को घर में ताला लगाकर बाहर गई थी,1 मार्च को लौटने पर दरवाजा खुला मिला और अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात गायब थे,चोरी किये गए सामान की कीमत करीब 98 हजार रुपये आंकी गई थी।मामले में पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर टीम गठित कर जांच शुरू की गई,मुखबिर की सूचना पर तीन संदिग्ध-उमंग गुप्ता (24 वर्ष), बृजलाल सिंह उर्फ रोहित उर्फ छिछी (19 वर्ष) और हेमंत देवांगन उर्फ शिवम (20 वर्ष), सभी निवासी केनापारा-को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि 28 फरवरी की शाम घर के पीछे से प्रवेश कर अलमारी में रखे जेवरात पार किए थे। पुलिस ने उनके पास से दुल्हन पायल, चांदी के आभूषण, सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी समेत अन्य सामान बरामद किया है,जांच में यह भी सामने आई कि आरोपियों ने 5 फरवरी की रात करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर निवासी किसान नरेश रैकवार उर्फ दीपक के घर में चोरी कर 40 हजार रुपये नगद और करीब साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात भी पार किए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



### चोरी किए गए जेवरात को गिरवी रखकर बैंक से लेते थे नगद राशि

पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी शातिर और नशे सेवन के आदी हैं,चोरी के जेवरात को सीधे बेचने के बजाय पुलिस से बचने के उपाय सोचकर वे अंबिकापुर स्थित मन्नापुरम गोल्ड लोन बैंक में जेवरात को गिरवी रखकर नकदी राशि हासिल करते थे और ऐशो आराम की जिंदगी जीते थे,पुलिस ने लोन देने वाली संबंधित बैंक को भी पत्र भेजकर जांच शुरू कर दी है,बताया गया कि बिना ज्वेलर्स दुकान बिल व पर्याप्त दस्तावेज जांच के लोन दिए जाने से ऐसे मामलों में चोरी के जेवर खपाना आसान होता जा रहा है।

## महुआ संग्रहण के लिए सूखे पत्तों में लगाई थी आग

# जंगल में आग लगाते ग्रामीण को वन अमले ने पकड़ा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गर्मी के मौसम में वनों को आग से सुरक्षित रखने के लिए गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के बाद अब आग लगाने वाले ग्रामीणों के विरूद्ध वन अमला सख्त कार्रवाई कर रहा है तथा ऐसे लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज रहा है।

गर्मी के मौसम में आग लगने से हर साल जंगलों को भारी नुकसान होता है। आग से छोटे-छोटे पौधे, जड़ी-बूटियां एवं अनेक जीव-जंतु जलकर नष्ट हो जाते हैं वहीं बड़े पेड़ भी झुलसने के कारण सूख जाते हैं। जंगलों में आग लगने के पीछे सबसे बड़ा कारण महुआ फूल संग्रहण के पूर्व ग्रामीण पेड़ के नीचे पड़े सूखे पत्तों को जलाने के लिए आग लगाकर छोड़ देते हैं जो पूरे जंगल में फैल जाती है तथा जंगल का बड़ा इलाका जल जाता है। गर्मी के मौसम में जंगल जलने की समस्या को रोकने बलरामपुर वन मण्डल के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को इस संबंध में अभियान चलाकर जागरूक किया गया तथा ग्रामीणों को महुआ पेड़ के नीचे पड़े सूखे पत्तों को संग्रहण के पूर्व झाड़ू लगाकर साफ करने एवं सूखे पत्तों में आग नहीं लगाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सूखे पत्तों में आग लगाने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई। डीएफओ आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देश पर वनकर्मी जंगल में घूमकर सूखे पत्तों में आग लगाने वाले लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रहे हैं। वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत डिंडो बीट के कक्ष क्रमांक पी835 स्थित बगधरी जंगल में गुरूवार को महुआ संग्रहण के लिए सुबह 7 बजे ग्राम सलवाही निवासी शम्भु रवि पिता राम नंदन द्वारा आग लगाने पर वन अमले ने उसे गिरफ्तार कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 1(घ), वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 एवं लोक संपत्ति हानि निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वन परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि आरोपी को महुआ पेड़ के नीचे सूखे पत्तों में आग लगाते पकड़ा गया है। कार्रवाई में वनपाल वसंत लाल, बालरूप सिंह श्यामले, वनरक्षक रामपुकार यादव, मनोज प्रसाद गुप्ता, रविशंकर कुजूर, फायर वाचर कृष्णा प्रजापति शामिल थे।




## एलपीजी सिलेंडर जांच के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी से गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी डोकने के लिए होटल ढाबा जांच पर पहुंची सहायक खाद्य अधिकारी से विवाद और गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- रामानुजगंज पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम रामानुजगंज के निर्देश पर 18 मार्च को सहायक खाद्य अधिकारी चंपाकली दिवाकर संयुक्त टीम के साथ एलपीजी गैस की वितरण एवं विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में आकस्मिक जांच हेतु होटल ढाबा में चेकिंग कर रही थी। जांच के दौरान शाम 6.20 बजे रामानुजगंज रिंग रोड स्थित सूरज ढाबा में चेकिंग के दौरान राहुल जीत सिंह द्वारा अनाधिकृत रूप से वीडियो बनाया जा रहा था जिसे मना करने पर राहुलजीत एवं उसके साथी के द्वारा सहायक खाद्य अधिकारी



⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से भालू की मौत

**अनूपपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक नर भालू की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा बिजुरी रेंज के बैगाडेबरा रेलवे लाइन के पास हुआ। बताया जा रहा है कि भालू जंगल से भटक्कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि भालू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र बिजुरी के रेंजर सहित वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद नियमानुसार भालू के शव को बिजुरी रेंज के थान गांव बीट में लाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी और निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान पटवारी, वन विभाग के एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम के उपरांत वन विभाग द्वारा नियमानुसार मृत भालू का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

### व्हीलचेयर मिलने से महिला की बदली जिंदगी

**मनेन्द्रगढ़।** समाज कल्याण विभाग जिला एमसीबी द्वारा दिव्यांगजन के जीवन को सुगम और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिला कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत खोंगापानी क्षेत्र की दो दिव्यांग महिलाओं - श्रीमती रामकली एवं श्रीमती तेतरा बाई को आवागमन में सुविधा के लिए व्हीलचेयर प्रदान की गई।

### न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यों में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में विभागवार पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्र का आगाज: गूंजने लगे माता के जयकारे

# पहले दिन माता के दरबार पहुंचे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र गुरूवार से श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया। इस श्रद्धालुगण सुबह से ही देवी मंदिरों में मत्था टेककर पूजा-अर्चना कर मनोकामना की। वहीं इस दिन देवी मंदिरों में कलश स्थापना के साथ ही शक्ति के देवी की आराधना शुरू हो गई। नवरात्र के पहले दिन माता के शैलपुत्री रूप की श्रृंगार कर विधि - विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और माता को भोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर जुटती रही। देवी मंदिरो में देवी गीत की गुंज सुनाई देने लगी। इस अवसर पर कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से दोपहर तक माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटती रही। एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडॉड़ स्थित मां महामाया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दूर-दूर के लोग माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। मंदिर परिसर में पूजा सामग्री की दुकाने भी सज गई। जैसे-जैसे नवरात्र का एक-एक दिन बीतता जाएगा, वैसे-वैसे माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती जाती है, इसके अलावा एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के चांद देवी मंदिर में भी चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि जनकपुर क्षेत्र के चांगदेवी मंदिर में दर्शन के लिए अंचल के लोग ही नहीं, बल्कि पड़ोसी मप्र के शहडोल, सीधी सहित कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं, इसके चलते पूरे नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ जुटती है, वहीं कोरिया जिले के कई देवी मंदिरों में भी कलश स्थापना कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना शुरू की गई।



### गांव-गांव में बोया गया जवारा

चैत्र नवरात्र को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आस्था व भक्ति भाव देखने को मिला। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कोरिया जिले के ग्रामीण अंचल में ग्रामीणों ने देवल्ला में पूजा-अर्चना कर जवारा बोया, इसके अलावा कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने घर में भी जवारा बाया गया। पूरे नौ दिनों तक ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी और अंतिम दिन धूप धाम के साथ जवारा का विसर्जन किया जाता है, विजर्सन के लिए निकलने वाली झांकी देखने लायक होती है।

### मां रमदईयॉ धाम पहुंच श्रद्धालु

शहर से लगे अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र झुमका बांध के तलहटी पर स्थित मां रमदईया धाम देवी के दर्शन के लिए नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे। मंदिर परिसर में दोपहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के दौरान मॉ रमदईया धाम में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

## आसमान में छाए बादल कई जगहों पर बूंदाबांदी



**बैकुण्ठपुर।** मार्च माह के दूसरे पखवाडे में तीन दिनों से आसमान में बादलों के छाए रहने से फिजा बदल गई है। दिन के समय जहां तेज धूप का असर होना चाहिए वह बादलों के चलते धूप का असर कम हो गया है।

कोरिया जिले में मंगलवार से आसमान में बादल छा रहे हैं और गुरूवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थिति ऐसी ही रही, इससे दिन की तेज धूप से बड़ी राहत मिली हुई है। बुधवार की रात्रि में कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गरज चमक होती रही और इस दौरान कुछ जगहों पर बुंदाबांदी हुई तो कुछ जगह पर हल्की बारिश भी हुई। इसके दूसरे दिन गुरूवार को भी अपरान्ह के समय मध्यम हवाओं के बीच बुंदाबांदी कुछ देर तक जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित अन्य क्षेत्रों में हुई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। मंगलवार से फिजा के बदलने के कारण जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली हुई है। किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। रबी की प्रमुख फसल गेहूं पकने के कगार पर है और कई जगहों पर कटाई के लिए तैयार हो गया है, ऐसे में यदि तेज बारिश होती है या ओलावृष्टि होती है तो गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच सकता है, इसके अलावा ओलावृष्टि से टमाटर सहित कई तरह के सब्जियों को भी नुकसान होने की संभावना को लेकर किसान चिंतित हैं।

## ईद, रामनवमी और चेट्रीचंड शांतिपूर्ण मनाने शांति समिति की हुई बैठक




**बैकुण्ठपुर।** आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी और चौट्रीचंड को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टरेट सभाकक्ष में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समुदायों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने और असामाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। ध्वनि प्रदूषण और परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी जुलूस के लिए निर्धारित समय और रूटमैप का सख्ती से पालन कराने की बात कही गई। वहीं नवरात्रि के दौरान सड़क किनारे खुले में मांस की बिक्री करने वाली दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारी, तहसीलदार और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

### अनुपस्थित प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना केअनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। ऐसे में डीईओ ने खितेश कुमार और अनिता पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक का यह कृत्य शासकीय सेवा के कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल और सहायक शिक्षक खितेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## सोनहत में भाजपा मंडल वर्ग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




भाजपा कोरिया द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल सोनहत में 17 मार्च को मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ निर्धारित समय पर किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक कपिल जायसवाल, जिला सहसंयोजक शारदा गुप्ता, सहसंयोजक पुष्पलता राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े सहित वर्ग प्रभारी श्रीमती शिवकुमारी सोनपाकर एवं आशा देवी सोनपाकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस में दो सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विषय प्रस्तुति शारदा गुप्ता एवं पुष्पलता राजवाड़े द्वारा की गई। द्वितीय दिवस में बसंत राय, तीरथ राजवाड़े, गोकरण शुक्ला एवं जगदीश साहू ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में सोनहत मंडल के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष , महामंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य तथा जिले के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही। कुल 125 कार्यकर्ताओं ने पंजीयन कर विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, सांस्कृतिक मूल्य, राष्ट्रवाद, संगठनात्मक अनुशासन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## पीएम आवास की पक्की छत से सुकून की जिंदगी बिता रहा प्राणसाय का परिवार

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को निरंतर उनके सपनों का आशियाना मिल रहा है।

कोरिया जिले में मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत आमापारा में रहने वाले प्राण साय भी उन्ही हितग्राहियों की सूची में शामिल हैं, जिनके परिवार के सपनों का पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बनकर तैयार हो गया है। अब पूरा परिवार प्रधानमंत्री आवास की पक्की छत के नीचे सुकून से जीवन व्यतीत कर रहा है। ग्राम पंचायत आमापारा के निवासी प्राण साय पिता शिवप्रसाद एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनका परिवार कुल 6 सदस्यों का है, जो वर्षों से खेती-किसानी और मजदूरी के सहारे अपना जीवन-यापन कर रहा है। खेती से मिलने वाली सीमित आय मौसम पर निर्भर रहती और मनरेगा के होने वाले ग्राम पंचायत में उपलब्ध कार्यों से आय के साधन भी




सीमित ही रहते, ऐसे में पक्के मकान का सपना केवल सपना ही था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हमेशा मेहनत और ईमानदारी से जीवन-यापन करने वाले हितग्राही प्राण साय का पूरा परिवार पहले एक कच्चे मकान में रहता था। यह मकान बारिश के मौसम में बहुत असुरक्षित हो जाता था। छत से पानी टपकना, दीवारों का कमजोर होना और घर के अंदर पानी भर जाना जैसी समस्याएं आम थीं। हर साल बरसात उनके लिए चिंता और परेशानी लेकर आती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही प्राण साय ने अपने पक्के आवास निर्माण के दौरान परिवार सहित मेहनत की और मनरेगा योजना के अंतर्गत उन्हें 90 दिनों की मजदूरी भी प्राप्त हुई। प्राण साय के लिए यह केवल एक घर नहीं, बल्कि उनके सपनों का साकार रूप भी है। अब उनका परिवार सुरक्षित छत के नीचे रह रहा है। बारिश का मौसम अब उनके लिए डर का कारण नहीं, बल्कि सुकून का समय बनकर आएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्राण साय सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सपनों का आवास पूरा होने के बाद उनके जीवन में और पूरे परिवार में सकारात्मक बदलाव आया है।

## खुरहा-चपका से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला में गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को खुरहा-चपका रोग से बचाने के लिए सघन टीकाकरण अभियान की शुरूआत 15 मार्च से मिशन मोड में कर दी गई है। यह अभियान 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, इसके तहत जिले के सभी गांवों में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पशुधन विकास विभाग बैकुंठपुर द्वारा टीकाकरण दलों का गठन किया गया है। इन दलों को आवश्यक टीकाद्रव्य एवं सामग्री उपलब्ध कराकर वाहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा विगत दिनों दलों को हरी झंडी दिखाकर अभियान को गति दी गई। टीकाकरण से पूर्व पशुओं को कृमिनाशक दवा दी जा रही है तथा टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शीत-श्रृंखला का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों को भी अभियान में शामिल किया गया है।



अभियान की निगरानी के लिए सभी टीकाकरण कार्यों की जानकारी भारत पशुधन ऐप में दर्ज की जा रही है। इसमें आधार आधारित ओटीपी एवं जियो टैग फोटो के माध्यम से प्रविष्टि अनिवार्य की गई है। प्रशासन ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराएं और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जिले में खुरहा-चपका रोग का पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक


बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

## सीजन शुरूः कोरिया के कटहल की आपूर्ति दूसरे प्रांत के शहरों तक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कटहल का सीजन शुरू हो गया है। बाजारों में कटहल बिकने के लिए आने लगे हैं, लेकिन अभी महंगे बिक रहे हैं। बावजूद इसके कई लोग ऊंचे दामों की फिक्र न करते शुरूआती स्वाद लेने से नहीं चुक रहे हैं। अभी बाजार में छोटे साइज के कटहल के फल आ रहे हैं और सीमित ही आवक हो रही है। कटहल एक बडे फलों में शामिल है, लेकिन इसके फल का उपयोग लोग सब्जी के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वर्तमान में कटहल छोटी साइज की है और सीमित मात्रा में बाजार में पहुंचने के कारण वर्तमान की सब्जियों से महंगे दाम पर विक्रय की जा रही है, जिसका स्वाद हर कोई लेना चाहता है, लेकिन महंगा होने के कारण खास लोग ही खरीदी कर रहे हैं। आने वाले समय में भरपूर मात्रा में कटहल की आवक होने लगेगी, तब सस्ती हो जाएगी।

कोरिया जिले के गांव-गांव में कटहल के पेड़ हैं, जहां इन दिनों फल लद गए हैं। कटहल का फल किसानों के आर्थिक आय का बेहतरीन जरिया है, जो बिना देख-रेख के साल में एक बार भरपूर पैदावार देती है। पहले कभी कटहल गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन अब यह सुपरफुड बन गया है तथा वैश्विक बाजार में इसकी मांग



बढ़ने लगी है। अपनी बेहतरी स्वाद के लिए कटहल ज्यादातर लोगों की पसंद बनी है। यही कारण है कि बडे-बडे रेस्टोरेंट में भी कटहल की सब्जी की मांग बनी रहती है। कटहल जब छोटे साइज का होता है तो इसकी बेहतरीन सब्जी का स्वाद आता है, वैसे कई लोग बडे साइज बीज होने के बाद भी चाव से कटहल की सब्जी खाते हैं। बहरहाल कटहल का बाजार ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही ज्यादा बड़ा न हो, लेकिन बड़े शहरों में कटहल की मांग सीजन में सबसे अधिक रहती है।

## कोषालय में 25 तक जमा होंगे बिल

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार नवा रायपुर अटल नगर छग शासन के वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समस्त देयकों के निराकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय, महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर देयकों को कोषालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जारी निर्देशों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 से संबंधित सभी देयकों को कोषालय एवं उप कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। वहीं एसएनए-स्पर्श के माध्यम से होने वाले भुगतानों के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई है।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |


UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### कुदरगढ़ महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की तिथि में संशोधन

**सूरजपुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन 23 से 25 मार्च को निर्धारित किया गया है। कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने बताया कि पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन 23 मार्च को प्रस्तावित था, किंतु कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन 21 मार्च को निर्धारित किया गया है। अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम यथावत रहेंगे। श्री पैकरा ने 21 मार्च को दोपहर 2 बजे से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम 23,24 व 25 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित सभी आयोजनों में लोगों को पहुंचने कहा है।

### वर्षों बाद आम के पेड़ों में लौटी बहार मौर से लदे पेड़ों ने बढ़ाई की रौनक



**प्रतापपुर।** कई वर्षों के इंतजार के बाद शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में इन दिनों आम के पेड़ों पर मौर की भरमार देखने को मिल रही है। क्षेत्र में जगह-जगह आम के पेड़ों पत्तों से ज्यादा मौर दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल किसानों बल्कि आमजन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।प्रतापपुर क्षेत्र में पहले जहां आम के पेड़ वर्षों से सूने और वीरान से नजर आते थे, वहीं इस बार अचानक प्रकृति की मेहरबानी से पेड़ों में भारी मात्रा में मौर खिल उठे हैं। ग्रामीण इलाकों से लेकर नगर क्षेत्र तक हर जगह आम के बगीचे और पेड़ फूलों से लदे हुए हैं, जिससे वातावरण में एक अलग ही हरियाली और सुगंध महसूस की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वर्षों बाद ऐसा मनमोहक नजारा देखने को मिला है। पहले जहां पेड़ों में गिने-चुने आम ही लगते थे वहीं इस बार मौर की अधिकता यह संकेत दे रही है कि आने वाले दिनों में आम की पैदावार अच्छी होने की संभावना है। इससे किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार, मौसम का अनुकूल संतुलन ठंडी हवाओं और समय पर हुई हल्की नमी आम के पेड़ों में बौर आने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बार मौसम की अनुकूलता ने पेड़ों को भरपूर फूल देने में मदद की है, जिससे उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा और किसी प्रकार की आंधी या ओलावृष्टि नहीं हुई तो इस वर्ष आम की फसल अच्छी मात्रा में होगी। इससे न केवल बाजार में आम की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर अचार, चटनी और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के लिए भी भरपूर आम मिल सकेंगे।

### सेजेस स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल राजपुर के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम तीन चरणों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मां महामाया शक्कर कारखाना केरता का अवलोकन किया, जहां उन्हें गन्ने से चीनी बनने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र, अंबिकापुर में आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों तथा खेती के नए तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ी। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, सांडबार, अंबिकापुर का भी भ्रमण किया। यहां कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) तथा स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया गया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए पूरे भ्रमण को सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से संपन्न कराया।

## मूल्यांकन के लिए 225 विषय विशेषज्ञों की तैनाती

# मल्टीपरपज स्कूल में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 4 अप्रैल तक चलेगा प्रथम चरण का मूल्यांकन

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं खत्म होने के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित मूल्यांकन केन्द्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा 16 मार्च से 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा सकता है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा मूल्यांकन के प्रथम चरण में 16 से 4 अप्रैल तक 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया गया है। निर्णय के तहत स्थानीय मूल्यांकन केन्द्र को 7 मार्च तक की परीक्षाओं की 74 हजार 500 उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गई है उत्तर पुस्तिकाओं में 10वीं बोर्ड की विभिन्न पांच विषयों की 55747 एवं 12वीं बोर्ड की विज्ञान, भाषा एवं कला विषयों की 23729 कुल 79476 उत्तरपुस्तिकाएं भेजी गई है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा न्यूनतम 3 वर्ष के शैक्षणिक अनुभव वाले बीएड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षकों से ही मूल्यांकन कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। मण्डल द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार विभाग ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु जिलेभर के 225 विषय विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई है। प्रारम्भिक तीन दिनों तक कुछ विषयों के विषय विशेषज्ञों की कमी रही लेकिन अब सभी विषयों के पर्याप्त विषय विशेषज्ञ उपलब्ध है। केन्द्र द्वारा विद्यालय के विभिन्न 14 कमरों में विभिन्न विषयों का मूल्यांकन कराया जा रहा है। हर मूल्यांकनकर्ता के लिए प्रतिदिन अधिकतम 40 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने की सीमा निर्धारित की गई है लेकिन कुछ मूल्यांकनकर्ता मात्र 25-30 उत्तर पुस्तिकाओं की ही मूल्यांकन कर पा रहे हैं जबकि अन्य मापदण्ड के अनुसार हर दिन 40 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। मूल्यांकन कार्य के लिए हर कक्ष में मुख्य एवं सहायक परीक्षक तैनात किए गए है जो नियमित मूल्यांकन कार्य की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही मूल्यांकन केंद्र प्रभारी द्वारा प्रारम्भ में विषय विशेषज्ञों को मूल्यांकन संबंधी प्रशिक्षण देने के साथ ही नियमित मण्डल के मूल्यांकन संबंधी आवश्यक निर्देशों से अवगत कराया जा रहा है।



### बाहर निकलने की अनुमति नहीं

मूल्यांकन केंद्र में सुबह 10.30 बजे से 5.30 बजे के बीच किसी को भी न तो केंद्र के भीतर घुसने की न ही बाहर निकलने की ही अनुमति है। कड़ी जांच के बाद विषय विशेषज्ञों को मूल्यांकन केंद्र में प्रवेश देने के बाद केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाता हैं। प्रथम सत्र का मूल्यांकन पूरा होने के बाद 1.30 से 2.0 बजे तक विषय विशेषज्ञों को लंच की छुट्टी मिलती है लेकिन किसी को भी बाहर निकलने की अनुमति नहीं मिलती। इस दौरान शिक्षक घर से लाए अपने टिफिन का उपयोग करते हैं अथवा कैंटीन में स्वयं भुगतान कर कुछ खाते हैं। दूसरे चरण का मूल्यांकन पूरा होने के बाद 5.30 बजे गेट खुलता है तो सभी लोग बाहर निकलते हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा मुख्य द्वार पर सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है।

### दूसरे चरण का मूल्यांकन 25 से

10वीं एवं 12वीं बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं का दूसरे चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से प्रारंभ होगा तथा 7 अप्रैल तक चलेगा। दूसरे चरण के मूल्यांकन के लिए जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों की उत्तर पुस्तिकाएं समन्वय केंद्र में पहुंचना शुरू हो गया है। सभी उत्तर पुस्तिकाओं को संस्था द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल को मूल्यांकन के लिए भेजा जाएगा। शिक्षा मण्डल भी दूसरे चरण के मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराएगा। मूल्यांकन में कोई भी त्रुटि न हो न ही विलम्ब हो इसलिए शिक्षा मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हर दिन मूल्यांकन कार्य की समीक्षा कर रहे हैं।

### समय पर पूरा होगा मूल्यांकन

माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कार्य निर्बाध गति से चल रहा है। मूल्यांकन कार्य में पर्याप्त विषय विशेषज्ञ अपना कार्य कर रहे हैं। निर्धारित समय पर मूल्यांकन का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

-एलपी गुप्ता
प्राचार्य एवं प्रभारी, मूल्यांकन केंद्र



## प्रशासन ने महामाया पहाड़ से सटी नजूल भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- निजी स्कूल भूमि पर कब्जा कर बनाया था स्कूल मैदान

एसडीएम फागेस सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने महामाया पहाड़ से सटे नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। एक निजी स्कूल द्वारा लगभग 3 एकड़ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेल मैदान के रूप में उपयोग किया जा रहा था।

महामाया पहाड़ पर बेखौफ चल रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर एक बार फिर वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। एक निजी स्कूल ने महामाया पहाड़ से सटी लगभग 3 एकड़ नजूल भूमि पर अतिक्रमण किया था तथा भूमि का उपयोग खेल मैदान के रूप में किया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन ने पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा निर्धारित 152 फीसदी के तहत अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन हेतु आवेदन भी किया था। तत्कालीन कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन द्वारा 152 फीसदी दर से भूमि व्यवस्थापन करने संबंधी आवेदन को अगस्त 2024 में ही निरस्त कर दिया था। प्रशासन द्वारा आवेदन निरस्त करने के बावजूद स्कूल प्रबंधन नजूल भूमि का उपयोग खेल गतिविधियों के लिए कर रहा था। गुरूवार को शाम 3 बजे एसडीएम फागेश सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा जेसीबी की मदद से शासकीय भूमि पर निजी स्कूल के अवैध अतिक्रमण को हटाया।

इस संबंध में एसडीएम श्री सिन्हा ने बताया कि शासकीय भूमि के व्यवस्थापन संबंधी स्कूल प्रबंधन के आवेदन को कलेक्टर द्वारा निरस्त कर दिया था। प्रशासन द्वारा पुलिस एवं ननि अमले के सहयोग से लगभग 3 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

## ओड़गी में जनजातीय सुरक्षा मंच की बैठक, डीलिस्टिंग की मांग को लेकर 24 मई को दिल्ली होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी




जनजातीय समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर ओड़गी स्थित मंगल भवन में जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर में चल रहे डीलिस्टिंग अभियान को गति देने के साथ ही 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। कार्यशाला में मंच के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि डीलिस्टिंग की मांग को लेकर देशभर से करीब 10 लाख जनजातीय समाज के लोग दिल्ली पहुंचकर महागर्जना रैली करेंगे। इसी उद्देश्य से ओड़गी में आयोजित बैठक में विकासखंड के सभी गांवों में ग्राम समितियों के गठन, जनसंपर्क अभियान तेज करने और दिल्ली रैली के लिए अधिकाधिक लोगों का पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया।

जिला संयोजक संत सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज लंबे समय से यह मांग करता आ रहा है कि जो लोग अपनी पारंपरिक जनजातीय आस्था को छोड़कर अन्य धर्म अपना चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाए। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर देशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्राम सभाओं से प्रस्ताव पारित कराने और प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने का अभियान भी चल रहा है। देशभर में एक करोड़ पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज की पहचान, परंपरा और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक मांग नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता को सुरक्षित रखने का प्रयास है। विकासखंड संयोजक नधीर कुमार पैकरा ने कहा कि डीलिस्टिंग की मांग जनजातीय समाज के अधिकारों से जुड़ा एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में समितियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और हर स्तर पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यशाला में संत सिंह, गोपाल राम, बिंदेश्वर सिंह, रनिता पंडो, बसंत लाल खैरवार, मोहरमनिया, शिवप्रसाद, गोपाल पावले, जोसेफ लकड़ा, बालमुकुंद सिंह, शंखलाल, अमर सिंह, टंकेश्वर सिंह, रामबरन सिंह, रामा यादव सहित बड़ी संख्या में जनजातीय सुरक्षा मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने 94 प्रतिशत के साथ हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक मूल्यांकन में 94 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया। इस उपलब्धि से स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी में हर्ष और उत्साह का माहौल है। साथ ही पीएचसी करसी और एसएचसी जगन्नाथपुर भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन में सफलता अर्जित किया।

विदित हो कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानक अनुरूप करने कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश व मुख्य चिकित्सा अधिकारी केडी पैकरा के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रयास से सीएचसी प्रतापपुर प्रारंभ जिला और राज्य स्तर के मूल्यांकन में सफल होने पर 12 से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मूल्यांकन अंतर्गत राष्ट्रीय टीम के डॉ. पंकज मिश्रा तथा डॉ. मनीष त्रिपाठी द्वारा तीन दिनों तक स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन निर्धारित दस मानकों एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी, ऑक्सीलरी सर्विस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, ओपीडी, आईपीडी, लेब जाँच, संस्थागत प्रसव कक्ष, एंनबीएसयू, फार्मेसी, रेडियोलॉजी पर किया गया। साफ-सफाई, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, प्रोटोकॉल, रिकॉर्ड संधारण, रिपोर्टिंग, स्टाफ एवं मरीज इंटरव्यू के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन का नतीजा आज जारी किया गया जिसमें 94 प्रतिशत अंकों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर एनक्वास मूल्यांकन में सफल हुआ जिससे जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारियों में हर्ष है। बीएमओ डॉ. अजीत दीवान ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला अधिकारियों के मार्गदर्शन और मेहनत करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दी। मूल्यांकन में सफलता अर्जित करने डीपीएम संदीप नामदेव, शुभम श्रीवास्तव, बीपीएम सतीश श्रीवास्तव, ब्लॉक टीकाकरण अधिकारी राजेश वर्मा, डीपीएम संदीप नामदेव, जिला नोडल शुभम श्रीवास्तव, रुद्रप्पा अंगाड़ी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. ललित सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. प्रज्ज्वल सिंह, एएमओ नीरज दास, कमलेश सोनी, मीना राजवाड़े, चिरंजीव सिन्हा, हाफिज अंसारी, राम विलास, यूके महिलागे, विनीत खरे, सुमन किंडो, इन्द्रमणिया, आदर्श चक्रधारी, विनोद रवि, सुशीला बड़ा, सुनीता श्रेष्ठ समेत अन्य सक्रिय रहे।

## खेल रहे दो मासूमों ने खा लिया धतूरा बीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



घर के समीप खेल रहे दो मासूमों ने धतूरा बीज को खा लिया जिससे दोनों की हालत बिगड़ गई। मासूमों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां अब खतरे से बाहर बताए जा रहे है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी सकल सिंह के दो वर्षीय पुत्र अंकित सिंह व पड़ोसी अमर सिंह के पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस 17 मार्च को घर के समीप अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों बच्चे घर के पास उगे धतूरा पौधे में लगे फल को तोड़ने के बाद खेलने के दौरान ही फल को फोड़ कर उसके बीज को खा लिया। बीच खाने के कुछ देर बाद दोनों बच्चे तड़पने लगे जिसे देख अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। बच्चों के पास धतूरा का फल व बीज पड़ा हुआ था। इधर परिजन ने धतूरा का बीज खा लेने पर बच्चों को उल्टी कराने के लिए खट्टा खाद्य पदार्थ पिलाया और जब बच्चे उल्टी नहीं किए और बेहोश हो गए तो परिजन तत्काल दोनों बच्चों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्चों की हालत गंभीर होने पर वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने बच्चों का प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच बच्चा वार्ड में भर्ती कराया जहां बच्चों का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक अब बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत हुई विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के अंतर्गत संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखण्ड के 33 संकुलों से विज्ञान एवं गणित विषय के चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। गणित विषय की प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला अंरो के धनंजय पैकरा ने प्रथम स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला जुनाग लखनपुर की खुशी ठाकुर ने द्वितीय स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला जुंडटुरा के दिलीप राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान विषय की प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला बलंगी के सोन राजवाड़े ने प्रथम स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला लटपटरा के शबनम ने द्वितीय स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला पुटू के विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान एबीईओ आलोक कुमार सिंह, बीआरसीसी त्रिपेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं विकास गुप्ता आ. श्री जगनारायण गुप्ता, उम्र 38 वर्ष निवासी प्रतापपुर रोड गोधनपुर, अम्बिकापुर तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं मेरी पुत्री वैष्णवी (VAISHNAVI) का जन्म जिला चिकित्सालय, अम्बिकापुर जिला सरगुजा में दिनांक 09/01/2015 को हुआ है, जिसकी माता का नाम श्रीमती शकुंतला गुप्ता (SHAKUNTALA GUPTA) है। मेरी पुत्री वैष्णवी (VAISHNAVI) के जन्म प्रमाण बन चुका है जिसका पंजीयन संख्या 97/04 तथा जारी दिनांक 31/01/2015 है। मेरी पुत्री वैष्णवी (VAISHNAVI) के जन्म प्रमाण प्राप्त करते समय रजिस्टर पंजी में त्रुटिवश उसके माता का नाम श्रीमती रंजना दर्ज हो गया है।

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर पंजी में उसके माता का सही नाम श्रीमती शकुंतला गुप्ता (SHAKUNTALA GUPTA) दर्ज कराने हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
विकास गुप्ता
आ. श्री जगनारायण गुप्ता
निवासी-प्रतापपुर रोड गोधनपुर, अम्बिकापुर
तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार (पेटलावृत्त) सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**//ईश्तहार//**

सर्व साधरण ग्राम पंचायत आरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक ममता एक्का आ. श्री सनक साय एक्का जाति उरांव निवासी ग्राम आरा तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम आरा में स्थित कुल खसरा नं.-12 कुल रकबा 2.287 हे. स्थित भूमि में से बंटवारा में प्राप्त अपने हिस्से की भूमि को वसीयतकर्ता मु. बखरी एक्का पति बुधनाथ के द्वारा दिनांक 13/12/2024 अंतिम ईच्छा पत्र वसीयतनामा आवेदक के पक्ष में निष्पादित कर दिया है। वसीयतकर्ता का दिनांक 12/12/2025 को मृत्यु हो चुका है। उक्त वाद भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, बी-1, अंतिम ईच्छा पत्र वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 25/03/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
पेटलावृत्त







## घर में लगी आग, दमकल की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा



**सूरजपुर।** ग्राम कृष्ण नगर परसा में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक घर में अचानक आग लग गई। इधर समय रहते लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी जिसके बाद दमकल की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। समय रहते दमकल कर्मियों के पहुंच जाने तथा आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कृष्णपुर परसा पारा निवासी लाल बरन के घर अचानक आग लग गई। घटना शाम लगभग 4 बजे हुई। इसी बीच गांव के लोगों लालबरन के घर से धुआं और लपटें उठते देख आसपास के लोगों तथा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए तत्काल घटनास्थल पहुंचे और तेज़ी से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अग्निशमन कर्मियों की सूझबूझ और तत्परता के चलते आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आग आसपास के अन्य मकानों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। आगजनी में केवल मकान के अंदर रखे घरेलू सामान को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

## खबर संक्षेप

### शहर की बेटी ने युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार प्राप्त कर जिला का किया नाम रौशन



**अम्बिकापुर।** शहर के बिलासपुर चौक समीप निवासी श्याम गुप्ता पप्पू की पुत्री किरण गुप्ता ने ऊर्जा उत्पादन एवं संचालन में राज्य सरकार द्वारा युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार प्राप्त करके पूरे जिला का नाम रौशन किया है। किरण गुप्ता की इस उपलब्धि पर परिजन सहित शहरवासियों में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि इससे पहले भी किरण गुप्ता ने 2022 में भी पीजी फिजिक्स में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत होकर अपने मेघावी छात्रा होने का परिचय दिया था। वर्तमान में किरण गुप्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में ऊर्जा उत्पादन में पीएचडी कर रही है।

### शिविर में 124 दिव्यांगजनों ने कराया पंजीयन


**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत लखनपुर में मंगलवार को दिव्यांगजनों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को पंजीयन, चिकित्सा परीक्षण, प्रमाण पत्र निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें अस्थि बाधित 71, दृष्टि बाधित 16, मानसिक 19, बहु विकलांग 06, श्रवण बाधित 01, मूक-बधिर 08, कुष्ठरोगी 2 एवं अन्य 1 शामिल रहे। इस प्रकार कुल 124 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। जिनमें दृष्टि बाधित 1, अस्थि बाधित 20, कुष्ठरोगी 2, श्रवण बाधित 4 एवं मानसिक 14 शामिल हैं। इस प्रकार कुल 41 दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इको टूरिज्म कार्यशाला के तीसरे दिन सतत पर्यटन और प्रकृति संरक्षण पर विचार



**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन विशेषज्ञों ने सस्टेनेबल टूरिज्म प्रैक्टिसेस विषय पर केंद्रित सत्र ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को नई दिशा प्रदान की। कार्यशाला में पंजीकृत 50 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने भी कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया। कार्यशाला के इस तीसरे दिन ने विद्यार्थियों को न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया।

### प्रेमनगर के सामुदायिक भवन में हुई सामाजिक सद्भावना बैठक



**प्रेमनगर।** सामुदायिक भवन में समाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया गया। विकास खंड स्तरीय बैठक में विभिन्न जाति समाज के समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य वक्ता प्रणव चक्रवर्ती, डीसी सोरी के अध्यक्षता तथा पुष्पराज पांडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र में धुप, दीप जलाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। परिचय उपरांत सभी जाति समाज के समाज प्रमुखों ने क्रम से अपने समाज के पारम्परिक, संस्कृति परम्परा एवं सामाजिक सद्भावना के लिए अपने विचार रखे। जायसवाल समाज के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र जायसवाल, साहू समाज के तहसील साहू समाज के अध्यक्ष राजपाल साहू, उरांव समाज प्रतिनिधि श्रीमती शांति कुजुर, बंजारा समाज से प्रमोद बंजारा, यादव समाज से महेंद्र यादव, राजवाडे समाज से रामलाल राजवाडे, रोतिया समाज से रामनारायण तंवर, रविदास समाज से परमेश्वर चौधरी, बिझिया समाज से विजय सिरदार, अग्रवाल समाज से नरेश अग्रवाल, गोड समाज से शिवनंदन मरावी, ब्राह्मण समाज से पुष्पराज पांडे सहित अठारह समाज प्रमुख की उपस्थिती में विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। साथ ही शपथ लिए कि जागरुक और समरसता युक्त अपने प्राचीन संस्कृति को जिंवत रखते हुए भारतीय समाज के नींव को मजबुत बनाकर राष्ट्र के उन्नति में अपना योगदान देंगे।

## पेज 1 के शेष...

### एलपीजी सिलेंडर जांच के...

का रास्ता रोककर जातिगत गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। इस मामले की शिकायत सहायक खाद्य अधिकारी द्वारा पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(3), 126(2), 132, 3(5), एसटी- एससी एक्ट की धारा 3(1) द, ध, 3(2)वी क के तहत आरोपी राहुल जीत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जान पहचान की महिला ने झांसा देकर दी थी ठगी को अंजाम

# ठगी के मामले में पुलिस ने दो महिला सहित 4 अंतर्राज्यीय आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ न सिर्फ बड़ी सफलता लगी बल्कि पुलिस ने ठगी को अंजाम देने वाले 4 अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात यह है कि ठगी कोई और नहीं बल्कि पीड़ित के यहां लगभग 7-8 से घी देने वाली परिचित महिला ने अंजाम दिया था। आरोपी महिला ने पीड़ित को झांसे में लेकर उसे नकली सोने की बिस्किट थमा कर उसके पास से नकद सहित लगभग 20 लाख कीमत के सोने के जेवरात ठग कर फरार हो गई। पीड़ित के रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला सहित उसके तीन सहयोगियों को भी न सिर्फ पकड़ा बल्कि उनके कब्जे से ठगी की 20 लाख नकद, सोना सहित 37 लाख के सामान बरामद किया है।

**खास बात**

- पुलिस ने 20 लाख नगद सहित 37 लाख कीमत के सोना व सामान किया बरामद

मामला का खुलासा करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बसंल ने बताया कि 8 मार्च को प्रार्थी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर मे मंजू नाम की महिला करीब 7-8 वर्षों से घी बेचने के लिए आती थी। जो अपने को राजस्थान किशनगढ़ की रहने वाली बताई थी, होली त्यौहार से पहले मंजु उसके घर आई थी। जो अपने साथ सोने का बिस्किट लाई थी। महिला ने उसके घर में शादी होने तथा सोने की बिस्किट से जेवर बनवाने की बात कह कर दिखाई। साथ ही सोने के बिस्किट का गहना बनवा देने की बात कही। पीड़ित ने होली त्यौहार के बाद सोनार से गहना बनवा देने की बात कही। होली त्यौहार के बाद मंजू अपने 2 महिला साथियों के साथ 7 मार्च की शाम आई। मंजू अपने साथ लाई सोने का बिस्किट को प्रार्थी को देकर बोली की आपके घर में शादी अभी लेट है, मेरे यहां शादी तत्काल है। आप अपने लडकी के लिए जो जेवर बनवाये है उसे व करीब 15-20 लाख रुपये भी दे दिजिए। जिस पर पीड़ित ने लडकी के लिए बनवाये गए जेवर से ज्यादा मात्रा का होने से लडकी का जेवर कान का टप्स, कंगन, हार, अंगुठी तथा अपने पास बेटी की शादी के लिए रखे 15 लाख रुपये नगद दे दिया। बदले में उसके द्वारा दिए गए सोने का बिस्किट को अपने पास रख लिया। तीनो सोना का जेवर व नकदी रूपय पीड़ित के घर से लेकर चले गए। महिलाओं के जाने के करीब आधा घण्टा बाद प्रार्थी को ठगी का एहसास हुआ तब प्रार्थी सोने के बिस्किट को पडोस के सोनार दुकान के यहां ले जाकर जांच कराई तो पता चला कि मंजु नामक महिला व उसके अन्य 2 महिला साथी द्वारा नकली सोने का बिस्किट देकर उसके बदले में जेवरात व नकदी 15 लाख रुपये छलपूर्वक ठगी कर ले गए। पीड़ित के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए। विशेष पुलिस टीम का गठन कर मामले में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर ठगी का सामान बरामद करने के निर्देश दिए। कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर मामले के आरोपियों की पहचान कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। ,संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता से आरोपियों के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम को मामले के आरोपियों को गिरफ्तार करने गुजरात रवाना हुई। पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले मे शामिल आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया। पूछताछ में मंजू राठौर पति उत्तम राठौर (44 वर्ष) अजीधाम जिला राजकोट गुजरात, संतोष राठौर आ. श्याम राठौर (45 वर्ष) का होना बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने ठगी करने बात कबूल की। आरोपियों के निशानदेही पर 7 लाख 78 हजार रुपये नगद एवं 1 सोने का कड़ा बरामद किया गया। साथ ही मामले मे शामिल अन्य आरोपियों के प्रयागराज मे होने एवं बचत मशरुका एवं सोना आरोपियों के पास होने की जानकारी पर पुलिस टीम प्रयागराज उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रयागराज से प्रकरण मे शामिल आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपियों द्वारा अपना नाम सुनीता गुजराती पति रवि गुजराती (35 वर्ष) धाँगतरा गुजरात हाल मुकाम भावपुरा थाना करौली प्रयागराज उत्तरप्रदेश तथा कमला गुजराती आ. पप्पू गुजराती (45 वर्ष) को प्रयागराज से अभिरक्षा मे लेकर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना को अंजाम देने की बात बताई। आरोपियों के पास से 12 लाख 53 हजार रुपये नगद एवं सोने का एक कड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों से कुल 20 लाख 31 हजार रुपये नगद एवं सोने का 2 कड़ा, 4 नग मोबाइल कुल लगभग 37 लाख रुपये बरामद किया गया है। आरोपियों से शेष ठगी का सोना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर शेष सोना को प्रयागराज मे एक सोनार को बिक्री करने की बात बताई। कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, महिला आरक्षक सरस्वती, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, विवेक राय, अशोक यादव, विकास मिश्रा सक्रिय रहे।



मामले की खुलासा करते सीएसपी, जब्त रूपए व आरोपी।

### सूने मकान से नगदी व जेवर चोरी करने वाला अपचारी बालक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सूने मकान से नगदी व जेवर की चोरी के मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लाख रूपए नगदी समेत जेवर बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बतौली के कुडोपारा पोपरेंगा निवासी भिनसारी मिंज 17 मार्च को ताला लगाकर पति के साथ खेत में पानी पटाने एवं बैल चराने गई हुई थी। दम्पति जब दिन में 11 घर वापस लौटा तो देखा कि घर व अंदर आमलारी व बक्सा का ताला टुटा हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान प्रारंभिक रूप से एक लाख रुपए नगदी और जेवर गायब थे। जब दम्पति के घर से बाहर निकलकर आस पास जानकारी हासिल की तो गांव के लोगों ने बताया कि एक लड़का भिनसारी के घर की तरफ से गुजरा था। ऐसे में लोगों ने पीछा कर उक्त बालक को पकड़कर उसके पैकेट की तलाशी ली। तलाशी के दौरान नाबालिग के पैकेट से कुल 1 लाख 3 हजार 100 रुपए व सोने का लॉकेट और सोने का टॉप बरामद किया गया। ग्रामीणों ने घरना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दिनदहाड़े सूने मकान से चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से नगदी व जेवर जब्त करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए) के तहत विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर, सउनि संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, आरक्षक राजू कुजूर, राजेश खलखो, जोगी बड़ा, राकेश एक्का, भगलू राम, संतोष सक्रिय रहे।

- ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले, खेत में काम करने गया था परिवार

# अमेरा खदान में कोयला चोरों ने सुरक्षा कर्मी पर की पत्थरबाजी, सिर में चोट लगने से जवान गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा खुली खदान में कोयला चोरी रोकने के दौरान त्रिपुरा राइफल के एक जवान पर चोरों ने पत्थरबाजी कर दी, जिसमें सिर में चोट लग जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। खून से लथपथ घायल जवान मो. मोइनुल हसन को साथी जवानों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है जहां सिर में तीन टाँके लगने के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

- लहूलुहान हुए घायल जवान को साथी जवानों ने उपचार हेतु अस्पताल में कराया भर्ती, हालत स्थिर

प्राप्त जानकारी अनुसार,बुधवार 18 मार्च की रात ड्यूटी पर तैनात जवान मोइनुल हसन ने कुछ लोगों को खदान में घुसते देखा और सीटी बजाकर उन्हें बाहर जाने की चेतावनी दी,इसी दौरान मौके पर अकेले मौजूद जवान को देख कोयला चोरों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया,इससे पहले कि वह स्थिति संभाल पाता, एक पत्थर उसके सिर के साइड में व कान के ऊपर जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,शोर सुनकर अन्य जवान मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हुए जवान को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा लखनपुर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।



बताया जाता है कि अमेरा खदान में लंबे समय से संगठित तरीके से कोयला चोरी हो रही है,सुरक्षा कर्मियों की कमी का फायदा उठाकर चोर खुलेआम खदान में प्रवेश करते हैं और विरोध करने पर हमलावर हो जाते हैं।बताया गया कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोयला चोरों की धरपकड़ कार्यवाही करने एवं पुलिस को सौंपने पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा आरोपियों को छोड़ने का दबाव बनाया जाता है जिससे कि कोयला चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं।

#### एक दिन पूर्व ही गायत्री खदान में हुई है कार्रवाई

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही सूरजपुर बिश्रामपुर संयुक्त पुलिस दल ने गायत्री खदान में दबिश देकर सैकड़ों बोरियों में भरे 33 टन कोयला को जप्त किया जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है,बताया गया कि पुलिस की अचानक दबिश से मौके पर मौजूद कोयला चोर अँधेरे का फायदा उठाकर लुक छिपकर मौके से भागने में सफल हो गये,मौके से जप्त हुई दर्जन भर से अधिक बाइक के मालिकों की पतासाजी की जा रही है, जिसके बाद आरोपियों पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री आदर्श योजनांतर्गत 12 हितग्राहियों को दिया गया उच्च नस्ल के बकरी-बकरा



**रामानुजगंज।** पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. शिशिर कांत पाण्डेय के निर्देशानुसार विकासखंड रामचंद्रपुर के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. एसएस सेंगर के मार्गदर्शन में केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदि आदर्श योजना अंतर्गत ग्राम नगरा, देवगई, भीतियाही, महादेवपुर एवं केवली के अनुसूचित जनजाति के 12 हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण 5 नग ग्रेडेड बकरी एवं 1 नग ग्रेडेड बकरा प्रदाय किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत पशु चिकित्सालय रामानुजगंज के प्रांगण मे कृषि स्थाई समिति सभापति जनपद पंचायत रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, जनपद सदस्य अशर्फी यादव एवं जनपद पंचायत सीईओ के प्रतिनिधि रट्टू सिंह की उपस्थिति में हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण किया गया। बकरी इकाई वितरण कार्यक्रम में ग्राम नगरा के 2, देवगई के 3, भीतियाही के 2, केवली के 1 एवं महादेवपुर के 4 अजजा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान बीबी गुप्ता, लवकेश पांडेय, विजय कुमार पाल, रमेश पुरी, आनंद राम, गोपाल राम, मुकेश पाल, रामकुमार पूसाम, राम लखन पाल, संतोष कश्यप, गोपाल प्रजापति एवं रामकुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले के 410 खिलाड़ी होंगे शामिल

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता में भागीदारी की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

यह प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक सरगुजा में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला से कुल 410 प्रतिभागी इस संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 22 को




**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 22 मार्च रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी, गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ डॉ.जगबीर सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।

# झिरमिटी में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने का विरोध, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के झिरमिटी में स्थापित होने वाली अंग्रेजी शराब दुकान का विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों व सरपंच ने फर्जी प्रस्ताव के आधार पर दुकान खोलने का आरोप लगाया है और मामले की जांच करने के साथ ही शराब दुकान को निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। इधर विभाग का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले इसका विरोध करा रहे है फिर भी शिकायत की जांच कराई जाएगी।

- फर्जी प्रस्ताव व सरपंच के हस्ताक्षर का भी लगाया आरोप



बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत झिरमिटी में शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया चल रही है और टेंडर विज्ञापन भी जारी हो चुका है। इस बीच मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने शराब दुकान खोलने जाने का विरोध जताते हुए गंभीर आरोप लगाए। गांव के सरपंच चन्दन एक्का का कहना है कि 13 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत से प्रस्ताव देने की बात कही जा रही है लेकिन इसकी जानकारी सरपंच और ग्राम पंचायत को नहीं है। प्रस्ताव पर सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर सील लगाए गए है जबकि सरपंच ने कोई हस्ताक्षर नहीं किया। सरपंच का दावा कि वह हिंदी में हस्ताक्षर करता है जबकि प्रस्ताव पर अंग्रेजी में हस्ताक्षर किया गया है। गांव की महिलाओं का कहना है कि वे प्रारंभ से गांव में महुआ शराब बनाए जाने का विरोध करती आ रही है और अब गांव में अंग्रेजी शराब दुकान खुलने जा रहा है। शराब के कारण युवा नशे की गर्त में जा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि फर्जी प्रस्ताव व सरपंच के हस्ताक्षर की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही शराब दुकान को निरस्त किया जाए। ग्रामीणों ने गांव में शराब दुकान खुलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इधर इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी एलसी गायकवाड़ का कहना है कि गांव में शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया के साल से चल रही है। उस समय ग्रामीणों ने कोई विरोध नहीं किया। शराब दुकान का प्रस्ताव सरपंच सचिव ने दिया था और शासन से अनुमति मिलने के बाद दुकान खोली जा रही है। ग्रामीणों के आरोप की जांच कराई जाएगी लेकिन अवैध शराब बेचने वाले चाहते है कि दुकान ना खुले। क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अवैध शराब बिक्री से शासन को राजस्व का नुकसान होता है।

# लुण्ड्रा में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा में साहू समाज द्वारा कर्मा माता जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्पमाला अर्पण एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात भव्य रैली निकली गई जिसमें गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन एवं जयकारों के साथ महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। नगर भ्रमण के उपरांत रैली पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- बड़ी संख्या लोगों ने की भागीदारी



इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि माता कर्मा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि समाज सुधार, एकता और जागरूकता की सशक्त प्रेरणा हैं। उन्होंने बताया कि माता कर्मा का जन्म एकादशी के पावन दिन हुआ था और उन्होंने अपने जीवन में ऐसे अनेक कार्य किए, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि उस समय समाज में कई प्रकार की रूढ़िवादी एवं गलत परंपराएं प्रचलित थीं, जिन्हें माता कर्मा ने साहसपूर्वक समाप्त कर समाज को एकता के सूत्र में पिरोया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देव कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को समाप्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दौरान केके गुप्ता, बीएन गुप्ता, रामावतार गुप्ता, प्रयागराज साहू, ईश्वर नाथ साह, सुरेश गुप्ता, कन्हैया गुप्ता संजय गुप्ता, सदानंद गुप्ता, श्रीमती रूपा गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, रामनरेश राम साहू, इंद्रमणि साहू, रघुरेश प्रसाद गुप्ता, इंद्रमणि गुप्ता, नंदू प्रसाद गुप्ता, भक्तु साहू, नंदू गुप्ता, रमेश प्रसाद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, शिवकुमार साहू, दीपक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, सुरजी देवी, जयंती साहू, प्रियंका गुप्ता, आशा साहू शांति देवी, नीलू गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, अजय गुप्ता, अजीत गुप्ता, रंजीत गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम डांड़करवा निवासी राम सुंदर आ. धीर साय (38 वर्ष) बुधवार को ट्रैक्टर लेकर खेत में मिट्टी पाटने गया था। राम सुंदर के शाम तक घर नहीं आने पर छोटे भाई जुटकुल सिंह ने उसके मोबाइल में फोन किया तो कोई अज्ञात व्यक्ति ने बताया ट्रैक्टर के एक पहिया गड्ढे में चला गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल मौके पर पहुंच निजी वाहन से घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत चालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

